हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 19 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु के कोयंबटूर से पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी कर रहे हैं। 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की यह किस्त 9 करोड़ किसानों के खाते में डाली जाएगी। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को तीन लाख सत्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को छह हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष मिलते हैं। यह विश्व के सबसे बड़े प्रत्यक्ष लाभ अंतरण कार्यक्रमों में से एक है। इस योजना के लाभ उन किसानों को उपलब्ध कराए जाते हैं, जिनका भूमि विवरण पीएम किसान पोर्टल पर दर्ज है तथा जिनके बैंक खातों को आधार से जोड़ने और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

---

हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने लिंगानुपात में वांछित सुधार करने में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है ।

उन्होंने सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परस्पर सामंजस्य स्थापित करके इस वर्ष 920 तक लिंगानुपात का आंकड़ा ले जाने का प्रयास करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कम लिंगानुपात वाले 6 जिलों सिरसा , सोनीपत , यमुनानगर , चरखी दादरी , मेवात और झज्जर जिला के उपायुक्तों , पुलिस अधीक्षकों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की और उनको सिविल सर्जन के साथ मिलकर लिंगानुपात बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त जिलों के उपायुक्तों को अवैध गर्भपात के ममलों की रिवर्स-ट्रैकिंग करवाने तथा पूरे मामले की निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

श्री सुधीर राजपाल ने शहरी क्षेत्र की गरीब तबके की बस्तियों में नगर निकाय संस्थाओं के साथ मिलकर सभी नवजात बच्चों के पंजीकरण को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इससे पूर्व , श्री सुधीर राजपाल ने राज्य में लिंगानुपात में सुधार को लेकर "राज्य कार्य बल " की बैठक की भी अध्यक्षता की। इस बैठक में लिंग जांच व अवैध गर्भपात की रोकथाम से जुड़े मामलों में कड़ी कार्रवाई और निगरानी को मजबूत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

---

हरियाणा सरकार ने जिला परिषदों और जिला ग्रामीण विकास अथॉरिटी डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की अनुपस्थिति में इनके कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिंक

अधिकारी नामित किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार जिला परिषदों और डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के मामले में उसी जिले के अतिरिक्त उपायुक्त को लिंक अधिकारी-प्रथम, जिला नगर आयुक्त को लिंक अधिकारी द्वितीय तथा जिले के मुख्यालय उप मंडल के नागरिक उपमंडल अधिकारी को लिंक अधिकारी तृतीय नामित किया गया है।

ये लिंक अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति के चलते या किसी अन्य कारण से सम्बन्धित अधिकारी की अनुपस्थिति में उन जिला परिषदों और जिला ग्रामीण विकास अथॉरिटी का कामकाज देखेंगे।

---

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कल बल्लभगढ़ में सद्भावना का प्रतीक एकता यात्रा निकाली गई।

1-एकता यात्रा -9 सेकंड

यात्रा का नेतृत्व केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और बल्लभगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोकर और महिला जिला अध्यक्ष ममता राघव भी यात्रा में शामिल हुई। यह यात्रा सेक्टर-3 स्थित जाट धर्मशाला के निकट से आरंभ होकर तिगांव मार्ग होते हुए अटल ऑडिटोरियम तक पहुँची।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को सशक्त बनाने के लिए पूरे देश में 31 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक "एकता मार्च" का आयोजन किया जा रहा है। इन पदयात्राओं का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदृष्टि और दृढ़ निश्चय ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर आधुनिक भारत का निर्माण किया, जिसे युवा पीढ़ी के सामने प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल का योगदान भारत की एकता और अखंडता का आधार स्तंभ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य और योगासन का प्रदर्शन किया गया।

---